कोर सेक्टर में सुधार

[स्रोत: द हिंदू](#)

भारत के आठ कोर सेक्टर के उत्पादन में **अक्तूबर 2024** में **साल-दर-साल 3.1% की वृद्धि** दर्ज की गई , जो तीन महीनों के उच्चतम स्तर है।

- हालाँकि यह वृद्धि अक्तूबर 2023 के **12.7%** की तुलना में अपेक्षाकृत कम है।
- **आठ कोर सेक्टर:** इसमें **सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, विद्युत, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद** एवं **इस्पात** शामिल हैं।
  - औद्योगिक उत्पादन में इस सेक्टर का योगदान **40% से अधिक** है।
- कोर उद्योग सूचकांक (ICI) के तहत भारत के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त प्रदर्शन को मापा जाता है।
  - ICI को **आर्थिक सलाहकार कार्यालय (OEA), DPIIT, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** द्वारा **मासिक आधार पर जारी** किया जाता है।
  - **आठ प्रमुख उद्योगों का वर्तमान भार इस प्रकार** है: पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद (28.04%), विद्युत(19.85%), इस्पात (17.92%), कोयला (10.33%), कच्चा तेल (8.98%), प्राकृतिक गैस (6.88%), सीमेंट (5.37%) और उर्वरक (2.63%)।
  - वर्तमान ICI शृंखला हेतु आधार **वर्ष 2011-12** है।

और पढ़ें: कोर सेक्टर उद्योग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/recovery-in-core-sectors-1